03

समस्त ब्राह्मण समाज ने प्रवीण अत्री को किया सम्मानित

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

एचबीएसबी की हिदायतों के अनुसार तैयारियां पूरी : जिलाधीश

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शनिवार, 18 दिसंबर 2021

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

शक संवत 1942, मार्गशीष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, मूल्य, 2.00 रुपए

रोजगार

प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में हुआ आयोजन

कॉलेज में हुआ कैपंस भर्ती अभियान का आयोजन

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में प्लेसमेंट सेल द्वारा शुक्रवार को कैंपस भर्ती अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के विभिन्न विभागों के विशिष्ट प्रमुख अमित (क्षेत्रीय टीम लीडर बैक ऑफिस), मृत्युंजय कुमार (वरिष्ठ क्षेत्रीय रिकवरी प्रमुख), अविनाश मेहवाल (आरबीएस क्षेत्रीय व्यापार प्रमुख, बिक्री और संग्रह) मुख्य अतिथि थे। इस ड्राइव मैं पास आउट विद्यार्थियों जिसमें मुख्य रुप से बीबीए/बीबीए कैम/बीकॉम/बीसीए/बीएससी के छात्र-छात्राएं थे। इस अभियान में कंपनी के विशिष्ट सदस्यों ने छात्रों को कंपनी के बारे में जानकारी दी और यह भी बताया कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य क्या है और वित्त के विभिन्न क्षेत्र जिसमें कंपनी काम करती है। उन्होंने छात्रों को कंपनी में उपलब्ध सभी अवसरों के बारे में बताया, जिसका वे लाभ उठा सकते हैं।

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में प्लेसमेंट सेल द्वारा कैंपस भर्ती अभियान के आयोजन में अपने विचार रखते हुए।

अमित ने इंटरव्यू के सभी चरणों की जानकारी देते हुए कहा कि पहले चरण में ग्रुप डिस्कशन होगा, जिसमें 4 छात्रों का ग्रुप बनाया गया। इस चरण में चुने जाने वाले छात्र दूसरे चरण में प्रवेश करेंगे, जिसमें टेलीफोनिक साक्षात्कार शामिल होंगे। उस राउंड में जिन छात्रों का चयन होगा, उनका अंतिम चयन श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड में होगा।

छात्रों ने कंपनी के सदस्यों से भी अपने प्रश्न पूछे और उन्होंने उचित उत्तर देकर अपने प्रश्नों और आकांक्षाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन प्लेसमेंट एवं प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. शिल्पा गोयल और उनकी पूरी टीम कमल टंडन, डॉ पूनम आनंद, डॉ संजीव गुप्ता, डॉ रेखा सेन, डॉ डिंपल, डॉ मीनू अग्रवाल, पूजा और पूजा गुप्ता। प्राचार्य ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई दी और प्रोत्साहित किया।